नई दिल्ली, शुक्रवार
3 अगस्त 2018
गाजियाबाद
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 18+10=28

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

अमेरिका भारत पर मेहरबान, पाकिस्तान पर नजरें टेढ़ी 18
शपथ ग्रहण समारोह में विदेशी मेहमानों को नहीं बुलाएंगे इमरान 18

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में बसेगी एंटरटेनमेंट सिटी

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में मनोरंजन का बड़ा हब बनेगा। प्राधिकरण को इंटीग्रेटेड सिटी ऑफ एंटरटेनमेंट का प्रस्ताव दिया गया है। इसके लिए पांच सौ एकड़ जमीन मांगी है। यह प्रस्ताव सिस्टुला ट्यूलिप की ओर से दिया गया है। इसमें एम्यूजमेंट पार्क समेत मनोरंजन के लिए विभिन्न विकल्प होंगे। दो लाख लोगों को प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। कंपनी ने सेक्टर 22 एफ की लोकेशन पर हामी भर दी है। जल्द ही कंपनी दस फीसद धनराशि के साथ जमीन आवंटन के लिए आवेदन करेगी। वीवो कंपनी ने भी अपनी इकाई स्थापित करने के लिए यमुना प्राधिकरण से दो सौ एकड़ जमीन मांगी है।

सिस्टुला ट्यूलिप कंपनी के अध्यक्ष माइक बेरी ने बृहस्पतिवार को यमुना प्राधिकरण कार्यालय में सीईओ डा. अरुणवीर सिंह के सम्मुख इंटीग्रेटेड एंटरटेनमेंट सिटी का प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने सिटी को विकसित करने के लिए पांच सौ एकड़ जमीन मांगी और दावा किया कि कंपनी इस प्रोजेक्ट में पंद्रह हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसमें प्रत्यक्ष रूप से 15 हजार व अप्रत्यक्ष रूप से करीब एक लाख 85 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। एंटरटेनमेंट सिटी में एम्यूजमेंट पार्क समेत मनोरंजन के विभिन्न विकल्प होंगे।

उन्होंने प्राधिकरण को एंटरटेनमेंट सिटी के आस पास दायरे में आने वाले गांवों को गोद लेकर उन्हें मॉडल विलेज के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव दिया। इसके साथ ही दस किमी के दायरे में मेट्रो सेवा संचालित करने का भी प्रस्ताव दिया। उन्होंने सीईओ व प्राधिकरण के अन्य अधिकारियों के साथ प्राधिकरण के सेक्टर 22एफ का निरीक्षण किया। प्राधिकरण ने 22 एफ को रिक्रिएशनल ग्रीन के लिए आरक्षित किया है। माइक बेरी ने सेक्टर की लोकेशन को पसंद कर लिया है। प्राधिकरण ने उन्हें आवेदन के साथ दस फीसद धनराशि एवं विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा है। वहीं वीवो कंपनी ने भी यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में इकाई स्थापित करने के लिए दो सौ एकड़ जमीन मांगी है। कंपनी की एक इकाई पहले से ग्रेटर नोएडा में है। कंपनी के अधिकारियों ने सीईओ डा. अरुणवीर सिंह के साथ बैठक कर निवेश का प्रस्ताव दिया। प्राधिकरण ने सेक्टर 24, 28, 29 में जमीन आवंटन का विकल्प दिया है। प्राधिकरण ने कंपनी से विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट मांगी है। इस रिपोर्ट के मिलने के बाद प्राधिकरण आगे की कार्यवाही पर विचार करेगा।

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में इंटीग्रेटेड ऐंटरटेनमेंट सिटी के लिए लोकेशन दिखाते सीईओ डा.अरुणवीर सिंह ● जागरण

प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से दो लाख लोगों को मिलेगा रोजगार, वीवो ने भी मोबाइल यूनिट के लिए मांगी दो सौ एकड़ जमीन

> प्राधिकरण क्षेत्र में एंटरटेनमेंट सिटी व मोबाइल फैक्ट्री के लिए प्रस्ताव मिला है। दोनों कंपनियों ने प्रस्तुतिकरण दिया है। सिस्टुला ट्यूलिप ने प्रोजेक्ट के लिए सेक्टर 22 एफ में जमीन को पंसद कर लिया है। जमीन आवंटन के लिए उन्हें आवेदन के साथ दस फीसद धनराशि जमा कराने के लिए कहा गया है। वीवो से भी विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट मांगी गई है। इसके बाद कार्यवाही आगे बढ़ाई जाएगी।
>
> **डा. अरुणवीर सिंह,** सीईओ यमुना प्राधिकरण